प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में एल्यूमिनी मीट 2022 का आयोजन

पंतनगर। 16 नवम्बर 2022। विश्वविद्यालय के 63वें स्थापना दिवस सप्ताह समारोह के अवसर पर पूर्व छात्रों का संगठन (अल्मामेटर एल्यूमिनाई एडवांसमेंट एसोसिएसन–4ए) द्वारा यूनिवर्सिटी सेंटर (नाहेप भवन) में 'एल्यूमिनी मीट 2022 तथा एल्यूमनी –द अल्टिमेट स्ट्रेन्थ आफ अल्मामेटर' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोल्डन जुबली वर्ष में विभिन्न बैच के एल्यूमिनाई तथा 1972 बैच के एल्यूमिनाई अपने परिवार द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। एल्यूमिनाई मीट कार्यक्रम में एल्यूमिनाईयों ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए अपनी अल्मामेटर से सदैव जुड़े रहने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान; विशिष्ट अतिथि, प्रथम बैच के पूर्व छात्र एवं अधिष्ठाता, विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, डा. जी.के. गर्ग; 1972 बैच के प्रतिनिधि, डा. मुकेश गौतम एवं डा. बी. के. सिंह तथा उपाध्यक्ष 4ए 1966 बैच एल्यूमिनाई, ई. एम.के. अग्रवाल एवं प्राध्यापक एवं सचिव एल्यूमिनाई एसोसिएसन 4ए, डा. जे.पी. जायसवाल मंचासीन थे।

कुलपति, डा. मनमोहन सिंह, ने पूर्व विद्यार्थियों द्वारा उनके गोल्डन जुबली वर्ष में विश्वविद्यालय में आने के लिए धन्यवाद दिया तथा प्रसन्नता व्यक्त की और अपेक्षा की कि 1972 बैच की भांति अन्य बैच के एल्यूमिनाई भी विश्वविद्यालय में आते रहेंगे। हम सभी को मिलकर इस विश्वविद्यालय को और आगे ले जाने की जरूरत है।

डा. जे.पी. जायसवाल ने सभी का स्वागत कर कार्यक्रम की रूप–रेखा बतायी तथा एल्यूमिनाई के दिए जाने वाले पुरस्कारों की घोषणा की। 4ए द्वारा लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड क्रमशः डा. देवकी एन. त्रिपाठी, डा. अरूण कुमार तिवारी तथा श्री विनीत नायर, आउटस्टैन्डिग एल्यूमनस ऑफ यूनिवर्सिटी अवार्ड, डा. दिग्वीर सिंह जायस को तथा आउटस्टैडिंग एल्यूमनस अवार्ड, श्री एन.के. अरोरा, प्रो. महेश चन्द्र शर्मा, डा. देवेन्द्र एस. सन्धू तथा श्री रतीश कुमार महाविद्यालय स्तर पर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव 4ए, डा. राजीव रंजन ने सभी का धन्यवाद प्रस्ताव किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव, अधिष्ठाता, निदेशकगण, संकाय सदस्य एवं छात्र उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय स्थापन दिवस के अवसर पर कल प्रातः स्टीवेंशन स्टेडियम से गांधी हाल (गांधी पार्क तक) रन फार यूनिवर्सिटी का शुभारम्भ कुलपति द्वारा किया जायेगा।

कार्यक्रम में उपस्थितजनों को संबोधित करते, कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान।

WELCOME
University Alumni meet
2022